चर्चा

जिले के प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने पेश किए विकास के आंकड़े

# दो वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर व उद्योग में लगाई बड़ी छलांग

**जबलपुर, नवभारत।** समग्र विकास की दृष्टि से जबलपुर जिले के लिए विगत दो वर्ष अत्यंत उपलब्धि भरे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने जिले के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। इन वर्षों में, सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। श्री देवड़ा ने कलेक्टर कार्यालय सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के बाद मीडिया से बात की। इस अवसर पर सभी विधायक व अधिकारी मौजूद रहे।




### परियोजनाएं बनीं जिले का गौरव

जबलपुर ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं जिसमें रानी दुर्गावती एलिवेटेड कॉरिडोर: लगभग 1232 करोड़ रुपये की लागत से बने प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर, दमोह नाका-मदनमहल एलिवेटेड कॉरिडोर (करीब सात किलोमीटर लंबा), का लोकार्पण 23 अगस्त को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इसे वीरांगना रानी दुर्गावती का नाम दिया गया है।

**केबल स्टे पुल-** लम्हेटाघाट में नर्मदा नदी पर 177.13 करोड़ रुपये की लागत से 749 मीटर लंबे उच्च स्तरीय केबल स्टे पुल का निर्माण किया जा रहा है।

**गोंडवाना गौरव-** मंत्रिपरिषद की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई। इस बैठक में मदन महल की पहाड़ी पर वीरांगना रानी दुर्गावती का भव्य स्मारक बनाने का निर्णय लिया गया।

**संग्रहालय का लोकार्पण-** सन 1857 की क्रांति के नायक राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान स्थल पर संग्रहालय का निर्माण किया गया, जिसका वर्चुअली लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवम्बर 2024 को जनजातीय गौरव दिवस पर किया था।

**गौरीघाट सौंदर्यीकरण-** मां नर्मदा के तट पर बसे गौरीघाट में सरयू नदी के तट की तर्ज पर घाटों के विकास और सौंदर्गीकरण की बड़ी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### सड़क और कनेक्टिविटी

पिछले दो वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा 1,609 करोड़ रुपये की लागत से 450.45 किलोमीटर सड़क निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, जबलपुर को देश की दूसरी सबसे बड़ी रिंग रोड से जोड़ने वाले चार मार्गों का 315.48 करोड़ से चौड़ीकरण कर फोरलेन सड़कें बनाई जा रही हैं। सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी संजोने का काम कर रही है।



# व्हीएफजे में एवीएनएल चेयरमैन कप का शुभारंभ

▸ चेन्नई, महाराष्ट्र के खिलाड़ी हुए शामिल

**नवभारत,जबलपुर।** व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में आज निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार के मुख्य आतिथ्य में एवीएनएल चेयरमैन कप 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रवीण कुमार जी ने एवीएनएल ध्वज फहराकर एवं मशाल रैली पूरा कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इसी बीच मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ महिला अधिकारियों ने एक सांकेतिक मैच खेलकर और तत्पश्चात आसमान में गुब्बारे छोड़कर एवीएनएल चेयरमैन कप के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया।

व्हीएफजे के स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रणव प्रियांक ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि व्हीएफजे में शनिवार से 18 दिसंबर तक कुल 8 प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उद्घाटन समारोह में व्हीएफजे के अलावा हैवी व्हीकल फैक्ट्री चेन्नई, इंजन फैक्ट्री चेन्नई, मशीन एवं प्रोटोटाइप फैक्ट्री अंबरनाथ महाराष्ट्र और ऑर्डनेंस फैक्ट्री मेडक के खिलाड़ी शामिल हुए। सभी इकाइयों के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया और मुख्य अतिथि महोदय का अभिवादन किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

एवीएनएल चेयरमैन कप के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए जिसमें महिला कल्याण समिति एवीएनएल द्वारा संचालित स्कूलों अंकुर विद्या मंदिर और विद्या मंदिर के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी। साथ ही व्हीएफजे के सांस्कृतिक कला परिषद के कलाकारों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समा बांधा। कार्यक्रम के अंत में गौरव दीक्षित कार्य प्रबंधक ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में टी डोलाशंकर महाप्रबंधक, आशुतोष कुमार महाप्रबंधक, रामेश्वर मीणा महाप्रबंधक, बी राजेश कन्ना महाप्रबंधक, प्रणव प्रियंक स्पोर्ट्स ऑफिसर, श्वेता जौहरी गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव, देवश्री चक्रवर्ती उप महाप्रबंधक सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति व जेसीएम के सदस्य शामिल हुए।

# टीम गोल्ड और स्काई ने जीते मैच



**नवभारत,जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवं हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16 वें एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेन्ट में टीम गोल्ड एवं टीम ब्लैक पैंथर के बीच मैच खेला गया जिसमें टीम गोल्ड ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 207 रन बनाए, जबाव में टीम ब्लैक पैंथर ने लक्ष्य का पीछा करते हुये निर्धारत 20 ओवर 6 विकेट के नुकसान पर 136 रन बनाए ,इस प्रकार टीम गोल्ड ने 71 रन से मैच जीता। जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया और टीम ब्लैक पैंथर की ओर से सक्षम गुलाटी को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में दूसरा मैच टीम गोल्डन चैलेंजर और टीम स्काई के बीच आयोजित किया गया। टीम स्काई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 16 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए, जबाव में टीम गोल्डन चैलेंजर ने लक्ष्य की पीछा करते हुए 16 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाए इस प्रकार टीम स्काई ने 118 रन से मैच जीता।


### महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी का आज होगा स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे रजवाड़े का आगमन रविवार को दोपहर 1:30 बजे सड़क मार्ग से होगा , अश्विनी परांजपे का पदभार ग्रहण पश्चात् कल प्रथम नगर आगमन होगा । भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि अश्विनी परांजपे रजवाडे का महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात का प्रथम नगर आगमन हो रहा है जिनके स्वागत हेतु कार्यकर्ताओं ने भव्य तैयारियां कीं हैं। उनका आगमन कल पिसनहारी की मडिया पर दोपहर 1:30 बजे होगा, जहां से स्वागत रैली के माध्यम से उनका सम्मान होगा।

# मशहूर शायर मंजर भोपाली को मंचदीप प्रदान करेगी नीरज सम्मान

9 जनवरी को 47 वें स्थापना दिवस पर आयोजित होगा सम्मान समारोह

**नवभारत, जबलपुर।** पांच दशक से अधिक समय से उर्दू व हिंदी के काव्य रसिकों के दिलों में राज करने वाले मशहूर शायर व गीतकार मंजर भोपाली को मंचदीप द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कला, साहित्य, संस्कृति एवं खेल जगत की जागरूक संस्था मंचदीप द्वारा पद्म भूषण गोपाल दास नीरज की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किया जाने वाला नीरज सम्मान इस वर्ष उर्दू एवं हिंदी साहित्य में योगदान के लिए सैयद अली रजा मंजर भोपाली को प्रदान किया जाएगा।



मंचदीप के संस्थापक एवं अध्यक्ष मथुरा जैन उत्साही ने बताया कि मंचदीप के 47 वें स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह 9 जनवरी को शाम 5.30 बजे से स्थानीय शहीद स्मारक सभागार, गोलबाजार में आयोजित होगा। आयोजन में संस्कारधानी की प्रमुख संस्थाएं श्री रामलीला समिति गढ़ा, विजन जबलपुर एवं प्रसंग संस्था विशेष सहयोगी हैं। नीरज सम्मान के चयन के लिए छह सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। इसमें सुविख्यात गीतकार गोपालदास नीरज के सुपुत्र शशांक प्रभाकर, आगरा के साथ ही महाकवि आचार्य भगवत दुबे, संस्था के संरक्षक द्वय अशोक मनोध्याय व डॉ. अरविंद जैन, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह एवं अध्यक्ष मथुरा जैन उत्साही शामिल रहे। कमेटी ने सर्वसम्मति से इस वर्ष का नीरज सम्मान मंजर भोपाली को प्रदान करने का निर्णय लिया।

### देश, विदेश में मिल चुके हैं अनेक सम्मान

मंचदीप के संरक्षक अशोक मनोध्याय ने बताया कि देश के मशहूर शायर मंजर भोपाली ने हिंदी और उर्दू में एक दर्जन से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। मंजर भोपाली को भारत और विदेशों में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्हें केंटकी के लुइसविले शहर की मानद नागरिकता प्रदान की गई और शहर की चाबी भेंट करके सम्मानित किया गया। वर्ष 2018 में उर्दू और हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा उन्हें प्राइड ऑफ मध्य प्रदेश पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## एक नजर में



### वार्षिक उत्सव में युवा प्रतिभाओं ने दिखाए हुनर

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान मांटेसरी जबलपुर में शनिवार को वार्षिक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समीर कुमार शुक्ल (प्राचार्य, शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय) थे । कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों व छात्रों की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डॉ. राम मोहन तिवारी ने बताया कि विभिन्न विधाओं का आयोजन कर प्रतियोगिताएं कराई गईं जिसमें अभिनय गीत में प्रथम स्थान स्वेच्छा, द्वितीय नीतू, तृतीय रेणुका, बड़बड़ गीत में प्रथम वीणा, द्वितीय ज्योति, तृतीय सोनम, सुगम संगीत में प्रथम अंशिका, द्वितीय पूर्णिमा ,तृतीय नौशीन, कविता पाठ में प्रथम आरोही , द्वितीय काव्या, तृतीय चंद्रभान, रंगोली में पहले स्थान पर प्रथम, द्वितीय रेखा, तृतीय वीणा ने अर्जित किया। इस प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अर्चना शर्मा,बरखा खरे, अंजली सक्सेना, डॉ समीहा तिवारी, नीतू जैन, शशि सराफ, रश्मि सराफ आदि समस्त स्टाफ की सहभागिता रही।



### आशादीप केंद्र का स्थापना दिवस समारोह मनाया

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल द्वारा 13 दिसंबर 1997 से दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए आशादीप केंद्र का संचालन किया जा रहा है,यह संस्था मुख्य रेलवे स्टेशन के समीप ही स्थित है । जिसमें दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है । संस्था की शुरुआत 13 बच्चों से हुई थी ,वर्तमान में 28 बच्चे नियमित रूप से प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। शनिवार को आशादीप का 28 वां स्थापना दिवस समारोह बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष महिला कल्याण संगठन पश्चिम मध्य रेल पूनम खत्री तलरेजा रही, जिनके द्वारा सभी सदस्यों को बधाई एवं पुरस्कार प्रदान किए गए इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें समूह नित्य एकल नृत्य मोनो एक्टिंग, फैंसी ड्रेस का प्रस्तुतीकरण किया गया इस अवसर पर आभा आनंद, सुनीता टेलर, निकिता सिंहा, चंद्रिका सुधा तिवारी आदि उपस्थित रहीं।



### आउटसोर्स कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से बिफरा संघ

**नवभारत,जबलपुर।** आउटसोर्स कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जबलपुर सिटी सर्किल के पूर्व एवं पश्चिम संभाग के आउटसोर्स कर्मियों को वेतन नहीं मिलने से काफी आक्रोश है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर शनिवार को अधीक्षण अभियंता संजय अरोड़ा को मिशन कंपाउंड कार्यालय के समक्ष ज्ञापन सौंपा गया। और मांग की गई कि आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन जल्द से जल्द किया जाए। इस दौरान हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व एवं पश्चिम संभाग में कार्य कर रही ठेका कंपनी क्रिस्टल के द्वारा कर्मचारियों को न तो वेतन दिया गया और न ही बोनस का भुगतान किया है। सिटी सर्किल में कई ठेका कंपनियां हैं, लेकिन हर बार क्रिस्टल कंपनी कोई ने कोई बहाना बनाकर भुगतान रोक देती है। इस दौरान संघ के मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, लखन सिंह राजपूत, किशोर, दशरथ शर्मा, शशि उपाध्याय, विनोद दास सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एनर्जेटिक एडमिन ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**नवभारत,जबलपुर।** विद्यानगर मैदान में चल रहे मजदूर संघ हथौड़ा कार्य समिति के तत्वाधान में जीसीएफ इंटरसेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट में एनर्जेटिक एडमिन और टी 90 राइडर्स के बीच मैच खेला गया जिसमें एनर्जेटिक एडमिन ने शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि राइडर्स टीम द्वारा निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 130 रनों का पहाड़ सा लक्ष्य किया गया जिसके जवाब में एनर्जेटिक एडमिन टीम ने 9.3 ओवर पर 4 विकेट खोकर 133 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। इसमें एनर्जेटिक एडमिन की ओर से धीरज कुमार ने 29 बॉल पर 50 रन एवं दीपक कुमार के द्वारा 11 बॉल पर 21 रन की शनदार पारी खेली।



एडमिन के दीपक कुमार को तीन विकेट एवं उनके बैटिंग की भागीदारी के वजह से उन्हें मैन ऑफ द मैच का अवार्ड जेसीएम मेंबर सैकत बनर्जी एवं मजदूर संघ हथौड़ा के पदाधिकारी विजय चौहान द्वारा दिया गया । प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल 15 दिसंबर को एल एफ जी चैंपियन बनाम एनर्जेटिक एडमिन के साथ एवं 16 दिसंबर को दूसरा सेमीफाइनल एल 70 रॉयल्स बनाम धनुष इलेवन के बीच होगा ।

# गोराबाजार के नये थाने का उप मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

**नवभारत,जबलपुर।** उप मुख्यमंत्री, वित्त वाणिज्य कर योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला जबलपुर जगदीश देवड़ा द्वारा गोराबाजार के नये थाना भवन का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक कैंट अशोक रोहाणी, विधायक उत्तर अभिलाष पाण्डे, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, थाना प्रभारी गोराबाजार संजीव कुमार त्रिपाठी, एवं स्थानीय जन एवं थाने में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम द्वारा थाना गोराबाजार के नये भवन का निमार्ण कार्य कराया जा रहा है, जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति 1 करोड़ 80 लाख रूपये है, जिसमें एस.एच.ओ. ड्यूटी ऑफिसर, कार्यालय स्टाफ, महिला हैल्प डैस्क, एच.सी.एम. कक्ष, सी.सी.टी.एन.एस. , वायरलैस, महिला एवं पुरूष बंदी गृह, मालखाना, शस्त्रागार इत्यादी कक्ष है।



# रोटरी क्लब ने निराश्रितों को वितरित किए कंबल

**नवभारत,जबलपुर।** ठंड का मौसम चल रहा है जिसमें जरूरतमंद लोगों को और गरीब परिवार के लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कहीं से कुछ ठंड को मिटाने के लिए कोई मदद मिल सके । जनसेवा की ओर कदम बढ़ाते हुए रोटरी क्लब एक्सीलेंस जबलपुर द्वारा मेडिकल के मोक्ष आश्रय स्थल में कंबलों का वितरण किया गया। कंबल मिलने के बाद निराश्रित लोगों के चेहरे में खुशी की लहर झूम उठी। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार साहू ,कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जेठा, अखिलेश बादशाह ,आर के चौकसी , आशीष जैन ,अभिषेक केशरवानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# तकनीक पर अमल करेंगे तो निश्चित तनावमुक्त होंगे

तनाव प्रबंधन एवं दवा मुक्त जीवन शैली विषय पर कार्यशाला

**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों के कार्य करने की शैली, तरीके अलग है, लगातार चुनौतीपूर्ण कार्य करते है, तनाव भी होता तनाव प्रबंधन एवं तनाव को कैसे दूर करें, के सम्बंध में आप सभी को इस कार्यशाला में विस्तार से बताया जायेगा, जो आपके लिये निःसंदेह बेहद उपयोगी साबित होगा। तनाव दूर करने की तकनीकियों का आप अपने जीवन मे अमल करेंगे तो निश्चित ही आप तनाव को दूर कर सकेंगे । यह बातें पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में शनिवार को प्रात: 11 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम में तनाव प्रबंधन एवं दवा मुक्त जीवन शैली पर दि मैडिटेशन गुरू संस्था कानपुर के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कहीं गई। कार्यशाला का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) आयुष गुप्ता, द्वारा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी.एस. गोठरिया की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में दि मैडिटेशन गुरू संस्था कानपुर के प्रतिनिधि योगाचार्य डॉ, अनुराग त्रिपाठी, डॉ. रोली त्रिपाठी, अम्बिका चरण त्रिपाठी द्वारा तनाव प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा करते हुये हर्बल थैरेपी, मैगनेट थैरेपी, योगासन, एवं व्यायाम द्वारा किस प्रकार अपनी शारीरिक रोग प्रति रोधक क्षमता को बढाते हुये दवा मुक्त जीवन जिया जा सकता है तथा तनाव से छुटकारा पाया जा सकता है, के सम्बंध मे विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यशाला में रक्षित निरीक्षक जबलपुर जय प्रकाश आर्य, थानो के लगभग 120 अधिकारी, कर्मचारी व एस.पी. की पाठशाला में अध्यनरत अभ्यार्थी उपस्थित थे।




आयोजन

स्वच्छता , 'जीरो वेस्ट' की थीम पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# गीता भवन में लगेंगे बच्चों द्वारा बनाए गए स्वच्छता के चित्र : महापौर

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम के सहयोग से साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था मित्रसंघ के संयोजन में भंवरताल पार्क में लगातार चतुर्थ वर्ष एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता ,'जीरो वेस्ट' की थीम पर आधारित इस प्रतियोगिता में शहर के हजारों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के एक वर्ग ने वीरांगना रानी दुर्गावती के कार्यकाल में जलसंरक्षण के विषय पर भी चित्र बनाये। इस प्रतियोगिता में 3100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।



इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्रों को स्वच्छता का महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'गंदगी को हटाना है, और स्वच्छता को अपनाना है' । प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को महापौर द्वारा सम्मानित किया गया। महापौर ने इस मौके पर ये भी कहा कि स्वच्छता,जीरो वेस्ट और रानी दुर्गावती की स्मृति में बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र गीता भावन में लगेंगे जिनका अवलोकन मुख्यमंत्री करेंगे।

### इनको मिले पुरस्कार

ग्रुप "ए" के विजेता स्पर्श विश्वकर्मा प्रथम, अबू सूफिरतन द्वितीय एवं वेदिका साहू तृतीय इसी प्रकार ग्रुप "बी" के विजेता यश पटैल प्रथम, बलविन्दर कौर द्वितीय, आरोही श्रीवास्तव तृतीय को क्रमशः 5100, 2100 और 1100 रुपये के नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही महापौर अन्नू ने अपनी ओर से भी इन सभी 6 विजेता छात्र-छात्राओं को 1-1 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि उपहार स्वरूप प्रदान की। इसके अलावा, सात-सात छात्र-छात्राओं को नगद सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। वहीं आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर प्रतियोगिता में शामिल बच्चों की हौसला आफजाई की। चित्रकला प्रतियोगिता के मंच पर महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के साथ निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद माधुरी सोनकर, महेश राजपूत, अंजना मनीष अग्रहरि, अर्चना सिसोदिया, शारदा कुशवाहा, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, मित्रसंघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद शेकटकर और सयोजक परितोष वर्मा, राहुल अग्रवाल, शालिनी वर्मा, विजेंद्र यादव, महेश झरिया के साथ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के दीपा अग्रवाल, संचालिका आकृति कल इंस्टीट्यूट, राकेश तिवारी, ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट माता गुजरी कॉलेज, मिस संजीत कौर छाबड़ा ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट आर्मी स्कूल सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक सत्यम तिवारी के किया।